**Telephone Under Door Sanchar Oorjt Scheme**

4395. MAULANA OBAIDULLAH KHAN AZMI : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether Government have launched Door Sanchar Oorja Scheme;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether it is a fact that under this programme Government provide telephone-cum-electricity connections in the rural areas on concessional charges;

(d) if so, the number of connections being provided in every village and the criteria for giving these connections; and

(e) the details of progress made in UP and Bihar in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU) : (a) No Sir. The Department of Telecom has scheme to provide only telephone connections in rural areas.

(b) to (e) Question does not arise.

**Arrears of Telephone Bill**

4396. SHRI SATISH PRADHAN : Will the Minister of COMMUNICATIONS bo pleased to state:

(a) whether it is a fact that Bihar Government has to pay a telephone bill for Rs. 24 crores; and

(b) if so, what action has been taken?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU) : (a) and (b) The required information has been called for and will be laid on the Table of the House.

**प्रश्न-पत्रों का लीक होना**

4397. **श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ़ मीम अफ़ज़ल :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि 18 दिसम्बर, 1993 और 19 दिसम्बर, 1993 को हुई अखिल भारतीय विभागीय तियोगिता परीक्षा के प्रश्न-पत्र लीक हो गए थे, जैसा कि दिनांक 19 दिसम्बर, 1993 के हैदराबाद से प्रकाशित तेलगू समाचार पत्र "एनाडू दैनिक" में समाचार प्रकाशित हुआ है;

(ख) यदि हां, तो उसका पूर्ण विवरण क्या है;

(ग) सरकार इस पर क्या कार्यवाही कर रही है;

(घ) क्या सरकार इस परीक्षा को रद्द करके पुनः परीक्षा करायेगी,

(ङ) यदि हां, तो इसकी घोषणा कब तक कर दी जाएगी; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैय्या नायडू) :** (क) जी; हां ।

(ख) कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारियों की भर्ती के लिए 18 और 19 दिसम्बर, 1993 को अखिल भारतीय आधार पर विभागीय प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई थी । 19 दिसम्बर, 1993 को हैदराबाद में तेलगू समाचार पत्र "एनाडू डेली" के प्रातःकालीन संस्करण में प्रश्न-पत्र–III और IV के कुछ भाग प्रकाशित किए गए थे ।

(ग) प्रश्न-पत्र के लीकेज के स्रोत का पता लगाने के लिए मामले की छानबीन की जा रही है ।

(घ), (ङ) और (च) अखिल भारतीय आधार पर 18 और 19 दिसम्बर, 1993 को आयोजित की गई विभागीय प्रतियोगी परीक्षा रद्द कर दी गई है और 6 तथा 7 अगस्त, 1994 को पुनः परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है ।

**स्मारक डाक-टिकट जारी किया जाना**

4398. **श्री मोहम्मद अफजल ऊर्फ मीम अफजल :** क्या संचार मंत्री 3 अगस्त, 1993 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 103 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि स्वर्गीय रफी अहमद किदवई के सम्मान में डाक-टिकट को उनके जन्म शताब्दी के अवसर पर भी जारी नहीं किया गया था; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वी० रंगैय्या नायडू)** (क) और (ख) स्व० रफी अहमद किदवई की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में, वर्ष 1995 में, एक स्मारक डाक-टिकट जारी करने का निर्णय लिया गया है ।